एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नवाजुद्दीन संग दिखेंगी बाहुबली ऐक्ट्रेस तमन्ना भाटिया

नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ ये बात धीरे-धीरे सामान्य होती जा रही है. दरअसल कुछ दिन पहले ही पूरे ज़ोर शोर से नवाज़ और मौनी रॉय के साथ फिल्म बोले चूड़ियां की घोषणा हुई थी. फिर इस फिल्म बोले चूड़ियां से मौनी रॉय के बाहर जाने की खबर ने सभी को हैरान किया. ये पहली बार नहीं था जब किसी अभिनेत्री ने उनकी फिल्म छोड़ी हो. इससे पहले बाबूमोशाय बंदूकबाज़ से अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह भी अचानक चली गई थीं.

मौनी रॉय ने इस फिल्म को छोड़ने का कारण निर्माता राजेश भाटिया से मतभेद को बताया था. वहीं राजेश ने उन्हें गैर ज़िम्मेदार कह दिया था क्योंकि वो अचानक फिल्म को छोड़कर चलीं गईं.

मौनी ने इस अचानक वॉक-आउट का कारण स्क्रिप्ट में हुए बदलाव को बताया. मौनी के हवाले से ये बयान दिया गया था कि स्क्रिप्ट जैसी बताई गई थी वैसी थी नहीं.

साल 2017 में आई फिल्म बाबूमोशाय बंदूकबाज़ से भी चित्रांगदा जब निकलीं तो उनके निर्देशक के साथ मतभेद हो गए थे. चित्रांगदा को एक बोल्ड सीन पर आपत्ति थी और इस सीन को शूट करने के दौरान निर्देशक कुशान नंदी के बात करने का तरीका चित्रांगदा को काफी खराब लगा था.

बाद में इस फिल्म को अभिनेत्री बिदिता बाग के साथ पूरा किया गया था. कुशान ने उस सीन को फिल्म का हिस्सा रखा था और कहा था कि दर्शकों को फैसला करना चाहिए कि इस सीन में कुछ गलत था या नहीं. हालांकि फिल्म एक फ्लॉप साबित हुई थी.

अब नवाजुद्दीन की फिल्म के साथ ऐसा दोबारा हो रहा है. एकता कपूर के धारावाहिक नागिन से चर्चा में आई मौनी रॉय अक्षय कुमार के साथ फिल्म गोल्ड और साउथ की फिल्म केजीएफ में एक आइटम सॉन्ग किया है.

ये मौनी की दूसरी लीड फिल्म होती लेकिन अब वो तो फिल्म छोड़ चुकी हैं. अब फिल्म में एंट्री ले रही हैं बाहुबली में नज़र आई तमन्ना भाटिया. इस फिल्म के निर्देशक नवाज़ के भाई शमास सिद्दीकी होंगे और तमन्ना ने अपने रोल पर काम करना शुरू कर दिया है.

सोनाक्षी की फिल्म के लिए रीक्रिएट होगा रवीना का मशहूर गाना शहर की लड़की

रवीना टंडन के 1990 के दशक के मशहूर गाने शहर की लड़की को सोनाक्षी सिन्हा की आने वाली फिल्म खानदानी शफाखाना के लिए रीक्रिएट किया जाएगा. इस रीक्रिएटिड गाने को तनिष्क बागची कम्पोज करेंगे जिसे बादशाह और तुलसी कुमार गाएंगे. अरविंद खेड़ा द्वारा निर्देशित इस गाने को आदिल शेख ने कोरियोग्राफ किया है. मुंबई में शूट किए जाने वाले इस वीडियो में बादशाह और डायना पेंटी नजर आएंगे. बादशाह ने एक बयान में कहा है कि शहर की लड़की 90 के दशक की मशहूर धुनों में से उनकी पसंदीदा धुन है और इस फिल्म के लिए इस गाने को गाकर और इस पर पर्फॉर्म करने को लेकर वह बेहद खुश हैं. तुलसी ने कहा कि फिल्म के इस गाने के लिए बादशाह और उन्हें दोनों को 90 के दशक के धुनों को समझने के लिए कहा गया था. खानदानी शफाखाना को शिल्पी दासगुप्ता ने निर्देशित किया है जिसमें सोनाक्षी के अलावा वरुण शर्मा और बादशाह भी हैं. इस फिल्म की रिलीज डेट हाल ही में बदली गई है. बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का टकराव परिणीति चोपड़ा और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म जबरिया जोड़ी से होगा. यह 2 अगस्त को रिलीज होगी. सोनाक्षी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर रिलीज डेट के बदलने की जानकारी दी. सोनाक्षी ने लिखा, जनहित में जारी एक सूचना, खानदानी शफाखाना अब हक से खुलेगा 2 अगस्त को. शिल्पी दासगुप्ता द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वरुण शर्मा और रैपर बादशाह भी मुख्य किरदारों में हैं.भूषण कुमार, महावीर जैन, मृगदीप सिंह लांबा और दिव्या खोसला कुमार फिल्म के निर्माता हैं.

अपनी बॉडी को फ्लॉन्ट करने में गुरेज नहीं करती हैं अभिनेत्री वाहबिज दोराबजी

टीवी सीरियल बहू हमारी रजनीकांत में मैगी ज्ञान कांत की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री वाहबिज दोराबजी इन दिनों बोल्ड अंदाज़ में गर्मियों को मात दे रही हैं. हेल्दी होने के बावजूद भी वाहबिज अपनी बॉडी को फ्लॉन्ट करने में गुरेज नहीं करती हैं, उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट बोल्ड स्विमसूट में अपनी तस्वीर को शेयर किया है. इससे पहले भी वह एक ब्लैक फ्लोरल बिकिनी में नजर आईं थीं. अपनी इन हालिया तस्वीरों में अभिनेत्री बेहद बोल्ड नजर आ रही हैं. अभिनेत्री ने गर्मियों को मात देने का जुगाड़ ढूंढ लिया है, इस दौरान वाहबिज बोल्ड स्विमसूट में बीच पर नजर आ रही हैं. तस्वीरों में वाहबिज बेहद बोल्ड नजर आ रही हैं. बता दें अभिनेत्री आए दिन जहां भी जाती हैं अपने इंस्टाग्राम पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. उनके चाहने वाले हमेशा अपनी पसंदीदा अभिनेत्री की तस्वीरों का इंतजार करते हैं. वाहबिज के करियर की बात करें तो उन्होंने प्यार की एक कहानी, सावित्री, सरस्वतीचंद्र और बहू हमारी रजनीकांत जैसे सीरियल में अहम किरदार निभा चुकी हैं. उन्हें प्यार की एक कहानी में सपोर्टिंग रोल के लिए स्टार परिवार अवॉर्ड से भी नवाजा गया. उन्होंने टीवी अभिनेता विवान डीसेना से साल 2013 में शादी की, चार साल तक चले इस रिश्ते का अंत 2017 में हो गया. दोनों ने आपसी सहमती से तलाक ले लिया. विवान कलर्स टीवी के सीरियल शक्ति में मुख्य पुरुष किरदार निभाते हैं.